e-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**स0सं0:–01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम–18 जिला 19/2021...56**

प्रेषक,

**जय सिंह, भा0प्र0से0**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**समाहर्त्ता**
**–सह–**
**बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
पटना/मुजफ्फरपुर/गया/भागलपुर/
भोजपुर/सारण/दरभंगा/औरंगाबाद/कैमूर/
बक्सर/वैशाली/रोहतास/पूर्वी0 चम्पारण/मधुबनी/
समस्तीपुर/सिवान/गोपालगंज/नवादा।

पटना, दिनांक :– 06-01-2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि राज्य में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय एवं राज्य स्तर पर विशेष सर्वेक्षण संबंधी अधिसूचना (संख्या–1574 दिनांक–01.10.12, 188, दिनांक–03.02.15 एवं 1973 दिनांक–07.11.16) जो इस पत्र के साथ संलग्न है, के आलोक में पूरे राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य किया जाना है। इस आलोक में प्रथम चरण अंतर्गत राज्य के बीस जिलों में विशेष सर्वेक्षण का कार्य प्रगति पर है एवं उच्च स्तरीय समीक्षात्मक बैठकों में लिए गए निर्णय के आलोक में शेष जिलों में जनवरी, 2022 से विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ किया जाना है।

जिलों में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ करने के लिए जिला स्तर पर निम्नांकित कार्यों को सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है–

(i) जिन जिलों में बन्दोबस्त कार्यालय स्वतंत्र रूप से कार्यरत नहीं है, वहाँ कम–से–कम चार कमरे एवं एक हॉल को बन्दोबस्त कार्यालय के लिए उपलब्ध कराना।

(ii) स्वतंत्र रूप से स्थापित बन्दोबस्त कार्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक उपस्कर आदि का क्रय एवं पूर्व से स्थापित बन्दोबस्त कार्यालयों में सुविधाओं का विस्तारीकरण के लिए आवश्यक उपस्कर एवं सामग्रियों का क्रय। इस संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के E-Office पत्रांक–1/14873/21 दिनांक–22.12.2021 द्वारा प्रत्येक जिले 300000/– (तीन लाख रूपये) मशीन एवं उपस्कर मद में तथा 100000/– (एक लाख रूपये) विज्ञापन एवं प्रकाशन मद में उपलब्ध कराए गए हैं। (पत्र की प्रति संलग्न)।

(iii) बन्दोबस्त कार्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने अथवा विस्तारीकरण के लिए उपलब्ध कराए गए आवंटन से निम्नांकित गुणवत्तायुक्त सामग्रियों के साथ आवश्यकतानुसार सभी वित्तीय नियमों का पालन करते हुए अन्य सामग्रियों को प्रस्तावित मूल्य सीमा के अन्दर क्रय किया जा सकता है, जिसकी सूची एवं अनुमानित मूल्य निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | उपस्कर/सामग्री का नाम | अदद | अनुमानित मूल्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01. | टेबुल | 02 | 8000x2=16000 | स0ब0पदा0 प्रयोग हेतु |
| 02. | कुर्सी | 02 | 5000x2=10000 | स0ब0पदा0 प्रयोग हेतु |
| 03. | कम्प्यूटर, यू0पी0एस0 सहित | 01 | 50000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 04. | प्रिन्टर (With Scanner) (Three in one) | 01 | 10000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 05. | टेबुल | 03 | 4000x3=12000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 06. | कुर्सी | 03 | 3000x3=9000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 07. | बक्सा (स्टील) | 03 | 5000x5=25000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 08. | आलमीरा (गोदरेज) | 02 | 25000x2=50000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 09. | फोन एवं इंटरनेट की सुविधा | | 5000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 10. | प्लास्टिक कुर्सी | 5 | 600x5=3000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| 11. | पंखा | 3 | 3000x3=9000 | कार्यालय प्रयोग हेतु |
| कुल योग | | | 199000/- | |

(iv) बन्दोबस्त कार्यालय के वित्तीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–11207 दिनांक–13.11.2020 द्वारा सभी समाहर्त्ताओं को अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को वित्तीय शक्ति प्रदत्त करने का अनुरोध किया गया है। (पत्र की प्रति संलग्न)।

(v) जिन जिलों में बन्दोबस्त कार्यालय में स्वतंत्र रूप से स0ब0पदा0, लिपिक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं कार्यालय परिचारी नियुक्त नहीं है, वहाँ राजस्व पदाधिकारियों को स0ब0पदा0 का एवं जिला राजस्व कार्यालय के लिपिकों को बन्दोबस्त कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना। विशेष सर्वेक्षण के प्रारंभिक स्तर का कार्य करने के लिए संविदा अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन को आपके जिले में प्रतिनियुक्त करने की कार्रवाई निदेशालय स्तर से की जा रही है।

चूँकि राज्य के प्रथम चरण के लिए चयनित बीस जिलों में संचालित विशेष सर्वेक्षण कार्य की आवश्यकता के अनुरूप ही संविदा आधारित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के पद सृजित किए गए हैं और उन जिलों की समीक्षा उपरान्त कार्य की आवश्यकता को देखते हुए उपलब्ध कार्यबल में से ही केवल विशेष सर्वेक्षण अमीन की प्रतिनियुक्ति आपके जिले में की जानी है। अतः आपके जिले में वर्त्तमान में विशेष सर्वेक्षण संबंधी वास्तविक क्षेत्रीय कार्य के पूर्व किया जाने वाले सर्वेक्षण पूर्व कार्य (Pre-Survey Activity) ही किया जाएगा जो निम्न प्रकार है:–

(i) जिले के प्रत्येक अंचल से निम्न प्रपत्र में बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा निम्नांकित आंकड़ों का एकत्रीकरण:–

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | कुल राजस्व ग्रामों की संख्या | खतियान उपलब्धता की स्थिति | | मानचित्र उपलब्धता की स्थिति | | ग्रामों का नाम जिनका मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराया गया है। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | ग्रामों का नाम जिनका खतियान उपलब्ध है। | ग्रामों का नाम जिनका खतियान उपलब्ध नहीं है। | ग्रामों का नाम जिनका मानचित्र उपलब्ध है। | ग्रामों का नाम जिनका मानचित्र उपलब्ध नहीं है। | |
| | | | | | | | |

| ग्रामों का नाम जहाँ राजस्व कार्यो का आधार कैडेस्ट्रल सर्वे है। | ग्रामों का नाम जहाँ राजस्व कार्यों का आधार रिविजनल सर्वे है। | ग्रामों का नाम जहाँ राजस्व कार्यो का आधार चकबन्दी सर्वे है। | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | |

(ii) भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में पदस्थापित नोडल पदाधिकारी से मंतव्य प्राप्त कर जिन क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किया जाना है, उनके चयन के लिए अंचल एवं गठित होने वाले शिविरों का निर्धारण।

(iii) जिन क्षेत्रों में कार्य प्रारंभ किया जाना है विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के लिए होर्डिंग, बैनर और पोस्टर के जरिए व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करना (निदेशालय का पत्रांक–10459 दिनांक–14.08.2020 संलग्न)

(iv) जिला अन्तर्गत सभी राजस्व ग्रामों के विगत् सर्वेक्षण मानचित्र की एक प्रति का जिले में अवस्थित प्लॉटर मशीन अथवा बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना की सहायता से जिला बन्दोबस्त कार्यालय में उपलब्ध कराना।

(v) बन्दोबस्त कार्यालय में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी एवं विगत् सर्वेक्षण के मानचित्रों के उचित रख–रखाव की व्यवस्था करना।

(vi) जिला स्तर पर बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 के नियम–4 के उप नियम (1) के तहत जिन ग्रामों में कार्य प्रारंभ किया जाना है, उनमें प्रपत्र–1 में जिला स्तरीय उद्घोषणा का प्रकाशन।

(vii) भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत उपलब्ध पदाधिकारी/कर्मियों को सम्बद्ध कर शिविरों का गठन एवं एवं R2R सॉफ्टवेयर अंतर्गत पदाधिकारियों/कर्मियों की शिविरवार सम्बद्धता (भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत शिविर गठन करने संबंधी यूजर मैनुअल एवं R2R का यूजर मैनुअल का PDF पत्र के साथ संलग्न)।

(viii) सरकारी भूमि एवं सरकारी विभागों की भूमि के संरक्षण हेतु सरकारी विभागों की बैठक आयोजित कर विभागवार नोडल पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया जाना एवं विभागवार भूमि एवं सरकारी भूमि की विवरणी का विभाग एवं अंचल के सहयोग से संधारण (निदेशालय का पत्रांक–~~1889~~ 11081 दिनांक–27.10.2020 संलग्न)।

(ix) विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 (यथा संशोधित, 2019) के नियम–9 उप नियम (1) के तहत् ग्रामवार विगत अधिकार–अभिलेख का संक्षिप्तसार प्रपत्र–5 में खतियानी विवरणी का संधारण।

(x) उपलब्ध कार्यबल के अनुसार एवं भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत ऑनलाईन सेवाओं के तहत् रैयतों से प्रपत्र–2 एवं 3(1) (स्वघोषणा एवं वंशावली) की ऑफलाईन एवं ऑनलाईन प्राप्ति।

आपके जिलों में किए जाने वाले कार्यों के राज्य स्तरीय अनुश्रवण के लिए भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के आदेश संख्या–4049 दिनांक–28.10.2021 द्वारा नोडल पदाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है (आदेश की प्रति संलग्न)।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि अपने जिले अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य प्रारंभ कर प्रगति प्रतिवेदन से निदेशालय को अवगत कराने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक–** यथोक्त।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम–18 जिला 19/2021......56............**पटना, दिनांकः**06-01-2022

**प्रतिलिपिः**–सभी संबंधित जिलों के अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/ पदस्थापित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम–18 जिला 19/2021......56.............**पटना, दिनांकः**06-01-2022

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/एल0आई0एस0 सलाहकार/विशेष सर्वेक्षण शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम–18 जिला 19/2021......56............**पटना, दिनांक** :06-01-2022

**प्रतिलिपिः**– प्रभारी, आई0टी0सेल/श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 01/भू0अ0नि0 (3) सर्वेक्षण कार्यक्रम–18 जिला 19/2021......56.............**पटना, दिनांक** :06-01-2022

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar Aso\director\file no 19 2021 03.01.2022.doc

## बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

संख्या :- 17-स्था0(अधिसूचना)-210/2011-1574 पटना, दिनांक 01/10/12

# अधिसूचना

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 की धारा - 3 (भागलपुर के संदर्भ में धारा - 3 के साथ साथ धारा - 4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल एतत् द्वारा आदेश देते हैं कि स्थानीय शहरी निकायों (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत) की स्थानीय सीमाओं के भीतर समाविष्ट क्षेत्रों को छोड़कर बिहार के 13 जिलों यथा नालन्दा, शेखपुरा, छपरा, मुंगेर, भागलपुर, बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, जमुई, सिवान, पूर्णियाँ, कटिहार, मोतिहारी के अनुबद्ध अनुसूची में वर्णित कुल 189 अंचलों में सन्निहित सभी ग्रामों की बाह्य सीमाओं के भीतर अवस्थित केन्द्र तथा राज्य सरकार की भूमि सहित समस्त भूमि का भू-सर्वेक्षण (अंतिम प्रकाशन स्तर तक) संचालित किया जाए और उसके संबंध में अधिकार अभिलेख तैयार किया जाए।

2. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत तैयार अधिकार अभिलेख में अभिलिखित किए जाने वाली विवरणी में निम्नांकित समाविष्ट होंगे :-

(क) प्रत्येक रैयत अथवा अभिधारी का नाम,

(ख) प्रत्येक अभिधारी का वर्ग अर्थात वह भूधृति धारक अथवा निश्चित लगान पर भूमि धारण करने वाला रैयत है, अधिभोगी अथवा गैर अधिभोगी रैयत या कोर रैयत है तथा यदि वह भूधृति धारक है तो स्थायी भूधृति धारक है या नहीं और उसकी भूधृति की अवधि में लगान बढ़ने योग्य है या नहीं,

(ग) प्रत्येक अभिधारी अथवा दखलकर्त्ता द्वारा धारित भूमि की अवस्थिति एवं क्षेत्रफल और एक या अधिक चौहदियाँ,

(घ) अधिकार अभिलेख तैयार करते समय भुगतेय लगान,

(ङ) लगान निर्धारण किस रीति से किया गया है - संविदा के द्वारा, न्यायिक आदेश के द्वारा या अन्यथा,

(च) यदि लगान उत्तरोत्तर बढ़ रहा हो तो वह किस समय तथा किन चरणों में बढ़ रहा है,

(छ) निम्नलिखित के संबंध में प्रत्येक अभिधारी और भू-स्वामी के अधिकार एवं दायित्व :-

(i) कृषि प्रयोजनों के लिए अभिधारियों द्वारा किसी नदी, झील, तालाब या कुएँ या किसी अन्य आपूर्ति स्रोत से प्राप्त जल का उपयोग और

(ii) प्रत्येक अभिधारी द्वारा धारित भूमि पर खेती के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निमित्त साधित्र की मरम्मती और अनुरक्षण चाहे ऐसा साधित्र ऐसा भूमि की सीमाओं के भीतर अवस्थित हों या नहीं,

(ज) अभिधृति की कोई विशेष शर्त्त और अनुषंगी तथ्य, यदि कोई हो,

(झ) जिस भूमि का अधिकार अभिलेख तैयार किया जा रहा है उससे सम्बद्ध आवागमन अथवा सुविधा संबंधी कोई अधिकार,

(ञ) यदि भूमि के लगानमुक्त रूप में धारित होने का दावा किया जाए तो वस्तुतः लगान चुकाया गया है या नहीं, और यदि नहीं चुकाया गया हो तो दखलकर्त्ता लगान के भुगतान के बिना जमीन धारण करने का हकदार है अथवा नहीं, यदि ऐसा है तो किस प्राधिकार के अधीन,

और

(ट) बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत संचालित सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त प्रचालनों के आधार पर घोषित प्रत्येक भू-स्वामी (Proprietor) की निजी भूमि की अवस्थिति, क्षेत्रफल और एक या अधिक चौहद्दियाँ।

## अनुसूची

### विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रचालन संचालित करने हेतु संबंधित जिले एवं अंचलों के नाम

| क्रम संख्या | जिला का नाम | अंचल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | नालन्दा | बेन, कतरीसराय, थरथरी, नूरसराय, रहुई, राजगीर, इस्लामपुर, हरनौत, हिलसा, चण्डी, बिन्द, सिलाव, अस्थावां, नगरनौसा, बिहारशरीफ, परवलपुर, करायपरशुराय, एकंगरसराय, गिरीयक, सरमेरा। |
| 2 | शेखपुरा | शेखपुरा सदर, घाट कुसुम्बा, शेखोपुर सराय, चेवाड़ा, अरियरी, बरबीघा। |
| 3 | छपरा | गरखा, मसरख, रिविलगंज, बनियापुर, सोनपुर, मांझी, जलालपुर, मकेर, छपरा सदर, मढ़ौरा, पानापुर, दरियापुर, इसुआपुर, नगरा, दिघवारा, अमनौर, लहलादपुर, परसा, तरैया, एकमा। |
| 4. | मुंगेर | टैटिया बम्बर, मुंगेर सदर, जमालपुर, बरियारपुर, धरहरा, हवेली-खड़गपुर, असरगंज, संग्रामपुर, तारापुर। |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | भागलपुर | गोपालपुर, सुल्तानगंज, शाहकुंड, इस्माईलपुर, रंगराचौक, सन्हौला, नाथ नगर, पीरपैंती, खरीक, कहलगाँव, सबौर, गौराडीह, नारायणपुर, बिहपुर, जगदीशपुर, नौगछिया। |
| 6 | बेगूसराय | तेघड़ा, बछवारा, बलिया, वीरपुर, बेगूसराय सदर, साम्हो अकहा कुरहा, मटिहानी, बरौनी, भगवानपुर, मंसुरचक, डन्डारी, बखरी, नावकोठी, गढ़पुरा, चेरिया-बरियारपुर, छौड़ाही, खोदावन्दपुर, साहेबपुर कमाल |
| 7 | लखीसराय | लखीसराय सदर, हलसी, सूर्यगढ़ा, पिपरीया, रामगढ़ चौक, बड़हिया, चानन |
| 8. | खगड़िया | गोगरी, मानसी, चौथम, खगड़िया सदर, परबत्ता, अलौली, बेलदौर |
| 9. | जमुई | लक्ष्मीपुर, चकाई, जमुई सदर, सोन्हो, झाझा, सिकन्दरा, बरहट गिद्धौर, खैरा, अलीगंज |
| 10 | सिवान | मैरवा, आन्दर, सिवान सदर, पचरुखी, हसनपुरा, दरौली, लकड़ी नबीगंज, नौतन, रघुनाथपुर, जीरादेई, सिसवन, महाराजगंज, बड़हरिया, भगवानपुर हाट, हुसैनगंज, गुठनी, गोरेया कोठी, दरौंदा, बसंतपुर |
| 11 | पूर्णियाँ | कृत्यानगर, रुपौली, बड़हरा कोठी, बनमंखी, पूर्णियाँ पूर्व, जलालगढ़, भवानीपुर, धमदाहा, बायसी, कसबा, श्रीनगर, डगरूआ, बैसा, अमौर |
| 12 | कटिहार | आजमनगर, आमदाबाद, कदवा, प्राणपुर, हसनगंज, मनसाही, कुरसैला, दण्डखोड़ा, बरारी, कोढ़ा, कटिहार सदर, समेली, मनीहारी, बारसोई, बलरामपुर, फलका |
| 13 | मोतिहारी | चकिया, बंजरिया, केसरिया, हरसिद्धि, पिपराकोठी, आदापुर, फेन्हारा, तेतरीया रामगढ़वा, रक्सौल, सुगौली, अरेराज, चिरैया, ढाका, संग्रामपुर, मेहसी, बनकटवा, पताही, पहाड़पुर, पकड़ी दयाल, कोटवा, तुरकौलिया, कल्याणपुर, मधुबन, मोतिहारी सदर, घोड़ा साहन, छौड़ादानो |

3. इस विभाग की संख्या 17–स्था0(अधिसूचना)–210/2011–384 दिनांक 29.02.2012 एतत् द्वारा निष्प्रभावी की जाती है।

4. यह अधिसूचना, सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(सी॰ अशोकवर्धन)
प्रधान सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

D:\Year 2012\Ravindra P\Notification\Notification (Hindi) 2.doc

ज्ञापांक :– 17–स्था0(अधिसूचना)–210/2011...1574 पटना, दिनांक :–01/10/12

प्रतिलिपि :– अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार राज्यपाल के अधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड–3 के अधीन अंग्रेजी भाषा में इसका प्राधिकृत पाठ समझा जाए।

(सी॰ अशोकवर्धन)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 17–स्था0(अधिसूचना)–210/2011...1574 पटना, दिनांक :–01/10/12

प्रतिलिपि :– अधीक्षक, सचिवालय प्रेस गुलजारबाग, पटना – 7 को (सी॰डी॰ एवं हार्ड कॉपी के साथ) बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ। अनुरोध है कि राजपत्र की 800 अतिरिक्त प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

(सी॰ अशोकवर्धन)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :– 17–स्था0(अधिसूचना)–210/2011...1574 पटना, दिनांक :–01/10/12

प्रतिलिपि :– सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सचिव, राजस्व पर्षद/सभी समाहर्त्ता/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7/सभी बंदोबस्त पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

(सी॰ अशोकवर्धन)
प्रधान सचिव

D:\Year 2012\Ravindra P\Notification\Notification (Hindi) 2.doc

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

संख्या :– 17–स्था0(अधिसूचना)–210/2011......198 पटना, दिनांक - 3-12-15

# अधिसूचना

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 की धारा – 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल एतत् द्वारा आदेश देते हैं कि स्थानीय शहरी निकायों (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत) की स्थानीय सीमाओं के भीतर समाविष्ट क्षेत्रों को छोड़कर बिहार के 05 जिलों यथा सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, किशनगंज एवं अररिया के अनुबद्ध अनुसूची में वर्णित कुल 50 अंचलों में सन्निहित सभी ग्रामों की बाह्य सीमाओं के भीतर अवस्थित केन्द्र तथा राज्य सरकार की भूमि सहित समस्त भूमि का भू–सर्वेक्षण (अंतिम प्रकाशन स्तर तक) संचालित किया जाए और उसके संबंध में अधिकार अभिलेख तैयार किया जाए।

2. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत तैयार अधिकार अभिलेख में अभिलिखित किए जाने वाली विवरणी में निम्नांकित समाविष्ट होंगे :–

(क) प्रत्येक रैयत अथवा अभिधारी का नाम,

(ख) प्रत्येक अभिधारी का वर्ग अर्थात वह भूधृति धारक अथवा निश्चित लगान पर भूमि धारण करने वाला रैयत है, अधिभोगी अथवा गैर अधिभोगी रैयत या दर रैयत है तथा यदि वह भूधृति धारक है तो स्थायी भूधृति धारक है या नहीं और उसकी भूधृति की अवधि में लगान बढ़ने योग्य है या नही,

(ग) प्रत्येक अभिधारी अथवा दखलकर्त्ता द्वारा धारित भूमि की अवस्थिति एवं क्षेत्रफल और एक या अधिक चौहद्दियाँ,

(घ) अधिकार अभिलेख तैयार करते समय भुगतेय लगान,

(ङ) लगान निर्धारण किस रीति से किया गया है – संविदा के द्वारा, न्यायिक आदेश के द्वारा या अन्यथा,

(च) यदि लगान उत्तरोत्तर बढ़ रहा हो तो वह किस समय तथा किन चरणों में बढ़ रहा है,

(छ) निम्नलिखित के संबंध में प्रत्येक अभिधारी और भू–स्वामी के अधिकार एवं दायित्व :–

(i) कृषि प्रयोजनों के लिए अभिधारियों द्वारा किसी नदी, झील, तालाब या कुएँ या किसी अन्य आपूर्ति स्रोत से प्राप्त जल का उपयोग और

(ii) प्रत्येक अभिधारी द्वारा धारित भूमि पर खेती के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निमित्त साधित्र की मरम्मती और अनुरक्षण चाहे ऐसा साधित्र ऐसा भूमि की सीमाओं के भीतर अवस्थित हो या नही,

(ज) अभिधृति की कोई विशेष शर्त्त और अनुषंगी तथ्य, यदि कोई हो,

(झ) जिस भूमि का अधिकार अभिलेख तैयार किया जा रहा है उससे सम्बद्ध आवागमन अथवा सुविधा संबंधी कोई अधिकार,

(ञ) यदि भूमि के लगानमुक्त रूप में धारित होने का दावा किया जाए तो वस्तुतः लगान चुकाया गया है या नहीं, और यदि नही चुकाया गया हो तो दखलकर्त्ता लगान के भुगतान के बिना जमीन धारण करने का हकदार है अथवा नही, यदि ऐसा है तो किस प्राधिकार के अधीन,

और

(ट) बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत संचालित सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त प्रचालनों के आधार पर घोषित प्रत्येक भू–स्वामी (Proprietor) की निजी भूमि की अवस्थिति, क्षेत्रफल और एक या अधिक चौहदियाँ।

## अनुसूची

### विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रचालन संचालित करने हेतु संबंधित जिले एवं अंचलों के नाम

| क्रम संख्या | जिला का नाम | अंचल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | सहरसा | सोनवर्षा, सिमरी बख्तियारपुर, सौर बाजार, महिषि, कहरा, नौहटा, पतरघट, बनमाई टिहरी, सतर कटैया, सलखुआ = 10 अंचल |
| 2 | मधेपुरा | ग्वालपाड़ा, मधेपुरा सदर, गम्हरिया, उदाकिशनगंज, पूरैनी, सिंघेश्वर स्थान, आलम नगर, कुमार खंड, घैलाढ़, शंकरपुर, चौसा, मुरलीगंज, बिहारीगंज = 13 अंचल |
| 3 | सुपौल | बसंतपुर, पिपरा, सुपौल सदर, राघोपुर, त्रिवेणीगंज, छातापुर, सरायगढ़ भटियाही, किशनपुर, प्रतापगंज, निर्मली, मरौना = 11 अंचल |
| 4 | किशनगंज | किशनगंज सदर, बहादुरगंज, कोचाधामन, टेढ़ागाछ, दिग्धल बैंक, ठाकुरगंज, पोठीया = 07 अंचल |
| 5 | अररिया | जोकीहाट, फारबिसगंज, भरगामा, रानीगंज, नरपतगंज, सिकटी, पलासी, कुरसा काँटा, अररिया सदर = 09 अंचल |

3. यह अधिसूचना, सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(व्यास जी)
प्रधान सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

D:\2014 new\ravindra prasad\notification\Notification (Hindi) 2.doc

ज्ञापांक :— 17—स्था0(अधिसूचना)—210 / 2011.......... पटना, दिनांक :—

प्रतिलिपि :— अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार राज्यपाल के अधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड—3 के अधीन अंग्रेजी भाषा में इसका प्राधिकृत पाठ समझा जाए।

ह0 / —

प्रधान सचिव

ज्ञापांक :— 17—स्था0(अधिसूचना)—210 / 2011.......... पटना, दिनांक :—

प्रतिलिपि :— अधीक्षक, सचिवालय, प्रेस गुलजारबाग, पटना — 7 को (सी॰डी॰ एवं हार्ड कॉपी के साथ) बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ। अनुरोध है कि राजपत्र की 800 अतिरिक्त प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह0 / —

प्रधान सचिव

ज्ञापांक :— 17—स्था0(अधिसूचना)—210 / 2011.....188 पटना, दिनांक :—03/02/15

प्रतिलिपि :— सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सचिव, राजस्व पर्षद / सभी समाहर्त्ता / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना—7 / सभी बंदोबस्त पदाधिकारी / विभागीय आ0ई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रधान सचिव

D:\2014 new\ravindra prasad\notification\Notification (Hindi) 2.doc

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

संख्या :– 17–स्था0(अधिसूचना)–210/2011....1973 पटना, दिनांक 3-11-16

# अधिसूचना

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 की धारा – 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार राज्यपाल एतत् द्वारा आदेश देते हैं कि स्थानीय शहरी निकायों (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत) की स्थानीय सीमाओं के भीतर समाविष्ट क्षेत्रों को छोड़कर बिहार के 20 जिला यथा मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर, प0 चम्पारण, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, कैमूर, रोहतास, गोपालगंज, समस्तीपुर, दरभंगा, भोजपुर, बक्सर, पटना, मधुबनी, नवादा एवं बांका के अनुबद्ध अनुसूची में वर्णित कुल 295 अंचलों में सन्निहित सभी ग्रामों की बाह्य सीमाओं के भीतर अवस्थित केन्द्र तथा राज्य सरकार की भूमि सहित समस्त भूमि का भू–सर्वेक्षण (अंतिम प्रकाशन स्तर तक) संचालित किया जाए और उसके संबंध में अधिकार अभिलेख तैयार किया जाए।

2 बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत तैयार अधिकार अभिलेख में अभिलिखित किए जाने वाली विवरणी में निम्नांकित समाविष्ट होंगे :–

(क) प्रत्येक रैयत अथवा अभिधारी का नाम,

(ख) प्रत्येक अभिधारी का वर्ग अर्थात वह भूधृति धारक अथवा निश्चित लगान पर भूमि धारण करने वाला रैयत है, अधिभोगी अथवा गैर अधिभोगी रैयत या दर रैयत है तथा यदि वह भूधृति धारक है तो स्थायी भूधृति धारक है या नहीं और उसकी भूधृति की अवधि में लगान बढ़ने योग्य है या नहीं,

(ग) प्रत्येक अभिधारी अथवा दखलकर्त्ता द्वारा धारित भूमि की अवस्थिति एवं क्षेत्रफल और एक या अधिक चौहद्दियाँ,

(घ) अधिकार अभिलेख तैयार करते समय भुगतेय लगान,

(ङ) लगान निर्धारण किस रीति से किया गया है – संविदा के द्वारा, न्यायिक आदेश के द्वारा या अन्यथा,

(च) यदि लगान उत्तरोत्तर बढ़ रहा हो तो वह किस समय तथा किन चरणों में बढ़ रहा है,

(छ) निम्नलिखित के संबंध में प्रत्येक अभिधारी और भू–स्वामी के अधिकार एवं दायित्व -

(i) कृषि प्रयोजनों के लिए अभिधारियों द्वारा किसी नदी, झील, तालाब या कुएँ या किसी अन्य आपूर्ति स्रोत से प्राप्त जल का उपयोग और

(ii) प्रत्येक अभिधारी द्वारा धारित भूमि पर खेती के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निमित्त साधित्र की मरम्मती और अनुरक्षण चाहे ऐसा साधित्र ऐसी भूमि की सीमाओं के भीतर अवस्थित हो या नहीं,

(ज) अभिधृति की कोई विशेष शर्त्त और अनुषंगी तथ्य, यदि कोई हो,

(झ) जिस भूमि का अधिकार अभिलेख तैयार किया जा रहा है उससे सम्बद्ध आवागमन अथवा सुविधा संबंधी कोई अधिकार,

(ञ) यदि भूमि के लगानमुक्त रूप में धारित होने का दावा किया जाए तो वस्तुतः लगान चुकाया गया है या नहीं, और यदि नहीं चुकाया गया हो तो दखलकर्त्ता लगान के भुगतान के बिना जमीन धारण करने का हकदार है अथवा नहीं, यदि ऐसा है तो किस प्राधिकार के अधीन,

और

(ट) बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत संचालित सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त प्रचालनों के आधार पर घोषित प्रत्येक भू–स्वामी (Proprietor) की निजी भूमि की अवस्थिति, क्षेत्रफल और एक या अधिक चौहद्दियाँ।

## अनुसूची

विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रचालन संचालित करने हेतु संबंधित जिले एवं अंचलों के नाम

| क्रम संख्या | जिला का नाम | अंचल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | मुजफ्फरपुर | कांटि, कुढ़नी, मड़वन, मोतिपुर, मारू, साहेबगंज, सरैया, औराई, बान्द्रा, बोचहाँ, गायघाट, कटरा, मीनापुर, मुरौल, मुसहरी एवं सकरा = 16 अंचल |
| 2 | सीतामढ़ी | बैरगनिया, बथनाहा, डुमरा, मेजरगंज, परिहार, रीगा, रून्नीसैदपुर, सोनवर्षा, सुप्पी, बेलसंड, परसौनी, बाजपट्टी, बोखरा, चोरौत, नानपुर, पुपरी एवं सुरसंड = 17 अंचल |
| 3. | वैशाली | देसरी, महनार, सहदई बुजुर्ग, चेहराकला, गोरौल, जन्दाहा, महुआ, पातेपुर राजापाकाड़, भगवान, बिदुपुर, हाजीपुर, लालगंज, पटेढ़ी बेलसर, राघोपुर, वैशाली = 16 अंचल |
| 4 | शिवहर | डुमरी कटसरी, पीपराही, पुरनहीया, शिवहर, तरियानी = 05 अंचल |
| 5 | प0 चम्पारण | बगहा–1, बगहा–2, भितहा, मधुबनी, पिपरासी, रामनगर, ठकराहा, गौनाहा, लौरीया, मैनाटाड़, नरकटियागंज, सिकटा, बैरिया, बेतिया, चनपटीया, जोगापट्टी मझौलिया, नौतन = 18 अंचल |
| 6 | गया | बेलागंज, बोधगया, फतेहपुर, मानपुर, सदर गया, टनकुप्पा, वजीरगंज, अतरी, नीमचकबथानी, खिजरसराय, मोहरा, आमस, बांके बाजार, बाराचट्टी, डोभी डुमरिया, गुरूआ, ईमामगंज, मोहनपुर, शेरघाटी, गुरारू, कोंच, परैया, टेकारी = 24 अंचल |
| 7 | जहानाबाद | घोषी, हुलासगंज, जहानाबाद, काको, मखदुमपुर, मोदनगंज, रतनीफरीदपुर = 07 अंचल |
| 8 | औरंगाबाद | दाउदनगर गोह, हसपुरा, ओबरा, औरंगाबाद, बारूण, देव, कुटुम्बा, मदनपुर नवीनगर, रफीगंज = 11 अंचल |
| 9 | अरवल | अरवल, कलेर, करपी, कुर्था, सोनाभद्र वंशी सूर्यापुर = 05 अंचल |
| 10 | कैमूर | अधौरा, भभुआ, भगवानपुर, चैनपुर, चाँद, रामपुर, दुर्गावती, कुदरा, मोहनियाँ, नुवाँव, रामगढ़ = 11 अंचल |

| क्रम संख्या | जिला का नाम | अंचल का नाम |
|---|---|---|
| 11 | रोहतास | अकोढ़ी गोला, डिहरी, नौहट्टा, रोहतास, तिलोथू, विक्रमगंज, दावथ, दिनारा, काराकाट, नसरीगंज, राजपुर, संझौली, सुर्यपुरा, चेनारी, करगहर, कोचस, नोखा, सासाराम, शिवसागर = 19 अंचल |
| 12 | गोपालगंज | बैकुण्ठपुर, बरौली, गोपालगंज, कुचाईकोट, मांझा, सिधवलिया, थावे, भोरे, विजयपुर, हथुआ, कटैया, पंचदेवरी, फुलवरीया, उचकागाँव = 14 अंचल |
| 13 | समस्तीपुर | मोहनपुर, मोहदीनगर, पटोरी, विभूतिपुर, बिथान, हसनपुर, रोसड़ा, शिवाजीनगर, सिंधिया, कल्याणपुर, खानपुर, मोरवा, पूसा, समस्तीपुर, सरायरंजन, ताजपुर, वारीसनगर, दलसिंहसराय, उजियारपुर, विद्यापतिनगर = 20 अंचल |
| 14 | दरभंगा | बहादुरपुर, बहेरी, दरभंगा, हनुमाननगर, हायाघाट, जाले, केवटी, मनीगाछी, सिंघवारा, तारडीह, अलीनगर, बेनीपुर, बिरौल, गौराबउरम, घनश्यामपुर, किरतपुर, कुशेश्वर स्थान प0, कुशेश्वर स्थान पुर्वी = 18 अंचल |
| 15 | भोजपुर | अगिआँव, आरा, बरहरा, गढ़नी, कोईलवर, सहार, संदेश, उदवंतनगर, बिहिया जगदीशपुर, शाहपुर, चरपोखरी, पीरो, तरारी = 14 अंचल |
| 16 | बक्सर | बक्सर, चौसा, ईटाढ़ी, राजपुर, ब्रह्मपुर, चक्की, चौगाई, डुमराव, केसठ, नावानगर, सिमरी = 11 अंचल |
| 17 | पटना | बिहटा, दानापुर, मनेर, नौबतपुर, विक्रम, दुल्हिन बाजार, पालीगंज, अथमलगोला, बख्तियारपुर, बाढ़, बेलछी, घोसवरी, मोकामा, पंडारक, पटना सदर, फुलवारीशरीफ, संम्पतचक, धनरूआ, मसौढ़ी, पुनपुन, दनियांवा, फतुआ, खुसरूपुर = 23 अंचल |
| 18 | मधुबनी | बेनीपट्टी, बिसफी, हरलाखी, माधवापुर, बाबूबरही, कलुआही, खजौली, पंडौल, रहिका, राजनगर, अंधराठाढ़ी, झंझारपुर, लखनौर, मधेपुर, बासोपट्टी, जयनगर, लदनीया, घोघरडीहा, खुटौना, लौकही, फुलपरास = 21 अंचल |
| 19 | नवादा | अकबरपुर, गोविंदपुर, मेसकौर, नरहट, रजौली, रोह, सिरदल्ला, हिसुआ, काशीचक, कौआकोल, नारदीगंज, नावादा सदर, पकरीबरावाँ, वारसलीगंज = 14 अंचल |
| 20 | बांका | अमरपुर, बांका, बाराहाट, बेलहर, बौंसी, चानन, धौरेया, कटोरिया, फुलीडूमर, रजौन, शंभुगंज = 11 अंचल |

3. यह अधिसूचना, सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
(विवेक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना

ज्ञापांक :— 17—स्था0(अधिसूचना)—210 / 2011.... ..... पटना, दिनांक :—

प्रतिलिपि :— अंग्रेजी में निम्नलिखित अनुवाद बिहार राज्यपाल के अधिकार से इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड—3 के अधीन अंग्रेजी भाषा में इसका प्राधिकृत पाठ समझा जाए।

ह0 / —
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :— 17—स्था0(अधिसूचना)—210 / 2011.... ..... पटना, दिनांक :—

प्रतिलिपि :— अधीक्षक, सचिवालय, प्रेस गुलजारबाग, पटना — 7 को (सी॰डी॰ एवं हार्ड कॉपी के साथ) बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ। अनुरोध है कि राजपत्र की 800 अतिरिक्त प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह0 / —
प्रधान सचिव

ज्ञापांक :— 17—स्था0(अधिसूचना)—210 / 2011...1973 पटना, दिनांक :— 03-11-2016

प्रतिलिपि :— सभी विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सचिव, राजस्व पर्षद / सभी समाहर्त्ता / उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना—7 / सभी बंदोबस्त पदाधिकारी / विभागीय आ0ई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28.10.16
प्रधान सचिव

D:\year 2016\Md Info\notification\Notification Hindi dated 20.09.2016.doc

I/14873/2021

File No.-498/1/2021-DOLRS



**E-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

संख्या :– 01 / भू0अ0नि0(1)यो0बजट (आवंटन)–01 / 2021..............

प्रेषक,

जय सिंह,भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,**
पटना / सारण (छपरा) / मुजफ्फरपुर / दरभंगा / गया / वैशाली (हाजीपुर) / पूर्वी चम्पारण (मोतीहारी) / भोजपुर (आरा) / बक्सर / रोहतास / गोपालगंज / समस्तीपुर / भागलपुर / कैमूर / औरंगाबाद / नवादा / मधुबनी / सिवान।

पटना, दिनांक :–

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत 18 जिलो में ईकाई कोड– 52 01 विषय शीर्ष मशीने एवं उपस्कर मद एवं 26 01 विज्ञापन एवं प्रकाशन में राशि आवंटन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण अन्तर्गत 18 जिलो में कार्यालय स्थापित करने हेतु आधारभूत आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था एवं सर्वे कार्यों के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से मुख्य शीर्ष– 2029–भू–राजस्व–उप मुख्य शीर्ष –00– लघु शीर्ष 102– सर्वेक्षण तथा बन्दोबस्त कार्य – उप शीर्ष –0101– सर्वेक्षण और बन्दोबस्त कार्य का पुनरीक्षण के अन्तर्गत ईकाई कोड– 52 01 विषय शीर्ष मशीनें एवं उपस्कर मद एवं 26 01 विज्ञापन एवं प्रकाशन में वित्तीय वर्ष 2021–22 में तत्काल कुल राशि – 72,00,000/– (बहत्तर लाख) रूपये मात्र का आवंटन निम्नानुसार निर्गत किया जाता है :–

| क्र0सं0 | जिला का नाम | मशीने एवं उपस्कर मद (52 01) | विज्ञापन एवं प्रकाशन (26 01) | कुल योग (3+4) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | पटना | 300000 | 100000 | 400000 |
| 2 | सारण (छपरा) | 300000 | 100000 | 400000 |
| 3 | मुजफ्फरपुर | 300000 | 100000 | 400000 |
| 4 | दरभंगा | 300000 | 100000 | 400000 |
| 5 | गया | 300000 | 100000 | 400000 |
| 6 | वैशाली (हाजीपुर) | 300000 | 100000 | 400000 |
| 7 | पूर्वी चम्पारण (मोतीहारी) | 300000 | 100000 | 400000 |
| 8 | भोजपुर (आरा) | 300000 | 100000 | 400000 |
| 9 | बक्सर | 300000 | 100000 | 400000 |
| 10 | रोहतास | 300000 | 100000 | 400000 |

| क्र0सं0 | जिला का नाम | मशीनें एवं उपस्कर मद (52 01) | विज्ञापन एवं प्रकाशन (26 01) | कुल योग (3+4) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 11 | गोपालगंज | 300000 | 100000 | 400000 |
| 12 | समस्तीपुर | 300000 | 100000 | 400000 |
| 13 | भागलपुर | 300000 | 100000 | 400000 |
| 14 | कैमूर | 300000 | 100000 | 400000 |
| 15 | औरंगाबाद | 300000 | 100000 | 400000 |
| 16 | नवादा | 300000 | 100000 | 400000 |
| 17 | मधुबनी | 300000 | 100000 | 400000 |
| 18 | सिवान | 300000 | 100000 | 400000 |
| | कुल योग :– | 5400000 | 1800000 | 7200000 |
| | | | | (बहत्तर लाख रूपये मात्र) |

2. यह आवंटन वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक – 2561 दिनांक 17.04.1998 एवं राज्यादेश संख्या 02 (10) दिनांक 11.10.2021 के आलोक में निर्गत किया जाता है।

3. राज्यादेश के आलोक में शेष राशि पुनः आवंटन उपलब्ध होने के उपरान्त जिलों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

4. अनुरोध है कि व्यय को आवंटन के अन्तर्गत रखते हुए राशि की निकासी की जाय।

5. कोषागार में प्रस्तुत किये जाने वाले सभी विपत्रों को मुख्य शीर्ष / उप मुख्य शीर्ष / लघु शीर्ष / उप शीर्ष / इकाई कोड / माँग संख्या – 40 एवं विपत्र कोड 40 – 2029001020101 अनिवार्य रूप से अंकित की जायें ताकि महालेखाकार के कार्यालय में लेखा संधारण समुचित ढंग से करने होंगे ताकि अनियमितता की संभावना नहीं रहे।

6. आवंटित राशि की मासिक व्यय विवरणी निदेशालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या 11650 दिनांक 21.12.2020 के साथ संलग्न प्रपत्रों में प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह तक नियमित रूप से मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित किया जाये।

7. बिहार वित्तीय नियमावली, बजट मैनुअल तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों तथा समय–समय पर निर्गत आदेशों का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाय ताकि व्यय पर वास्तविक रूप से नियंत्रण रखा सके।

8. किसी भी परिस्थिति में आवंटन दिये जाने का अर्थ व्यय की स्वीकृति नही समझा जाये तथा भुगतान के औचित्य से पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त ही भुगतान की कार्रवाई की जाये। तदनुसार भुगतान सुनिश्चित करना संबंधित पदाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।

9. नियमानुसार स्त्रोत पर अनुमान्य कटौती करना तथा उसके लिए आवश्यक प्रमाणपत्र निर्गत करना संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी / भुगतान करने वाले पदाधिकारी की जिम्मेवारी होगी।

10. इसकी सूचना महालेखाकार (ले0 एवं ह0) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को भी दी जा रही है।

11. उपर्युक्त आवंटित राशि के अतिरिक्त राशि की मांग के साथ संबंधित विषय शीर्ष में कुल आवंटित राशि अद्यतन व्यय, अवशेष राशि एवं अभ्युक्ति अवश्य अंकित की जाय।

12. आवंटित राशि का भुगतान पूरी छानबीन एवं जाँच पड़ताल के बाद ही किया जाय। यदि कोई छद्मपूर्ण या अनियमित निकासी होती है इसकी पूरी जिम्मेवारी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

विश्वासभाजन
Signed by Jai Singh
Date: 22-12-2021 06:48:32
Reason: Approved
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

प्रतिलिपि :–

1. महालेखाकार, बिहार, पटना।
2. वित्त विभाग, बिहार, पटना (बजट शाखा)।
3. संबंधित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी।
4. संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
